खुश हो जाए तो दुनियां भर के ठाट देता है

खुश हो जाए तो दुनियां भर के ठाट देता है
ज्यादा उड़ने वालों के पर ये काट देता है

ये रसिया रंग रंगीला
ये छलिया छैल छबीला
ये साग विदुर के खाए
दुष्टों के भाव ठुकराये
अपने हिस्से की खुशियाँ भी ये बाँट देता है
ज्यादा उड़ने ...

ना दिखावा इसे दिखाओ
बस प्रेम के भाव चखाओ
तेरे दिल में ये आ जाये
तुझे अपना बना के लुभाये
गम के बदली ये पल भर में ये छांट देता है
ज्यादा उड़ने ...

बस मुरली नहीं बजाता
ये चक्र का चक्कर चलाता
जो चक्कर में इसके आये
उसे प्रभु ही पार लगाए
दुष्टों की खड़ी पल भर में ये कर खाट देता है
ज्यादा उड़ने ...

कर ली है बे धड़क यारी
रसखान छोड़ होशियारी
जब गम से नीर बहाये
तो तूं ही काम बनाये
बनजा तूं सुदामा धन दौलत से पाट देता है
ज्यादा उड़ने ...

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/931/title/khush-ho-jaaye-to-duniya-bhar-ke-that-deta-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |